Roll No. ..................................

# DD–120

## M. Com. (Fourth Semester)

## EXAMINATION, 2020

(Optional-Specialization)

[Optional Group (B) : Management]

Paper First

FINANCIAL MANAGEMENT

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 80*

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

### इकाई—1

### (UNIT—1)

1. वित्तीय नियोजन क्या है ? इसके महत्व एवं सीमाओं को बताइए। वे कौन-से विभिन्न घटक हैं, जिनका वित्तीय नियोजन में ध्यान रखना चाहिए ?

   What is Financial Planning ? Write its importance and limitations. What are various factors that a financial plan must consider ?

P. T. O.

अथवा

(*Or*)

विजय लि. एक मशीन खरीदने का विचार कर रही है। ₹ 1,20,000 प्रत्येक की लागत पर दो मशीनें A तथा B उपलब्ध हैं। कर के बाद परन्तु ह्रास से पूर्व संभावित आय निम्नवत् है :

| वर्ष | मशीन A (₹) | मशीन B (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 50,000 | 30,000 |
| 2 | 40,000 | 30,000 |
| 3 | 30,000 | 50,000 |
| 4 | 20,000 | 40,000 |
| 5 | 20,000 | 40,000 |

निम्नलिखित का प्रयोग करते हुए दोनों विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए :

(अ) पे-बैक अवधि रीति

(ब) पे-बैक के बाद की लाभदायक रीति।

Vijay Ltd. is considering to purchase a machine. Two machines A and B are available at the cost of ₹ 1,20,000 each. Earning after tax but before depreciation are likely to be ahead :

| Year | Machine A (₹) | Machine B (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 50,000 | 30,000 |
| 2 | 40,000 | 30,000 |
| 3 | 30,000 | 50,000 |
| 4 | 20,000 | 40,000 |
| 5 | 20,000 | 40,000 |



Evaluate two alternatives by using :

(a) Payback period method

(b) Post-payback profitability method

इकाई—2

(UNIT—2)

2. पूँजी की लागत से संबंधित सैद्धान्तिक विचारधारा की विवेचना कीजिए। इस विचारधारा की निम्नलिखित दशाओं में क्या उपयोगिता होगी ?

(i) कंपनी के पूँजी ढाँचे के निर्माण में

(ii) वित्तीय साधनों के आबंटन में

Examine critically the conceptual framework relating to cost of capital. How far is this approach relevant

(i) in designing of corporate capital structure ?

(ii) in the allocation of financial resources ?

अथवा

(*Or*)

सोनाली लि. ने प्रत्येक ₹ 100 वाले 4000; 9 प्रतिशत पूर्वाधिकार अंश निर्गमित किए और निम्नलिखित व्यय सहन किए :

अधिगोपन कमीशन 2 प्रतिशत, दलाली 1 प्रतिशत और अन्य व्यय ₹ 3,000

यह मानते हुए कि पूर्वाधिकार अंशों को (i) सममूल्य पर, (ii) 7 प्रतिशत बट्टे पर, (iii) 9 प्रतिश प्रीमियम पर निर्गमित किया जाता है, पूँजी की लागत (कर से पूर्व) की गणना कीजिए। कर की दर 40 प्रतिशत है।

Sonali Ltd. has issued 9%, 4000 preference shares of ₹ 100 each and has incurred the following expenses :

Underwriting commission 2%, brokerage 1% and other expenses ₹ 3,000.

Calculate cost of capital (before tax) assuming the preference shares is issued at (i) par, (ii) 7% discount, (iii) 9% premium. The tax rate is 40%.

इकाई—3

(UNIT—3)

3. वित्तीय लीवरेज क्या है ? वित्तीय लीवरेज परिचालन लीवरेज से किस तरह सम्बन्धित है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

What is Financial Leverage ? In what way financial leverage is related to operating leverage ? Explain with example.

अथवा

*(Or)*

निम्नलिखित पूर्वानुमान X तथा Y कंपनियों से सम्बन्धित हैं :

| | X | Y |
|---|---|---|
| उत्पादन तथा बिक्री (इकाई) | 80,000 | 1,00,000 |
| परिवर्तनशील लागत प्रति इकाई (₹) | 4 | 3 |
| स्थिर लागत (₹) | 2,40,000 | 2,50,000 |
| ऋण पूँजी पर ब्याज (₹) | 1,20,000 | 50,000 |
| विक्रय मूल्य प्रति इकाई | 10 | 8 |



उक्त समंकों के आधार पर (i) परिचालक लीवरेज, (ii) वित्तीय लीवरेज, (iii) संयुक्त लीवरेज की गणना कीजिए।

The following projections are related to companies X and Y :

| | X | Y |
|---|---|---|
| Output and Sales (units) | 80,000 | 1,00,000 |
| Variable cost per unit (₹) | 4 | 3 |
| Fixed cost (₹) | 2,40,000 | 2,50,000 |
| Interest burden on debt (₹) | 1,20,000 | 50,000 |
| Selling price per unit | 10 | 8 |

On the basis of above data compute (i) Operating Leverage, (ii) Financial Leverage, (iii) Combined Leverage.

इकाई—4

(UNIT—4)

4. लाभांश नीति की व्याख्या कीजिए। एक सुस्थिर लाभांश नीति के आवश्यक तत्वों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Explain the meaning of Dividend Policy. Critically examine the essentials of a sound dividend policy.

अथवा

*(Or)*

आर. लि. और एस. लि. दो कंपनियाँ एक ही प्रकार के व्यवसाय में लगी हैं और दोनों में ₹ 2,50,000 की पूँजी विनियोजित है। आर. लि. ने अपनी पूँजी ₹ 1,00,000 समता अंशों (₹ 10 वाले) के

रूप में तथा ₹ 1,50,000, 6% ऋणपत्रों (₹ 100 वाले) के रूप में प्राप्त की है। एस. लि. ने अपनी समस्त पूँजी ₹ 10 वाले समता अंशों के रूप में प्राप्त की है।

आर. लि. द्वारा अपनायी गई समता पर व्यापार नीति की समीक्षा कीजिए, यदि ब्याज व कर काटने से पूर्व दोनों कंपनियों का लाभ ₹ 50,000 है। कर दर 5% मान लीजिए।

There are two companies R Ltd. and S Ltd. engaged in the same line of business and both have invested capital of ₹ 2,50,000 each. R Ltd. has raised its capital ₹ 1,00,000 from equity shares of ₹ 10 each and ₹ 1,50,000 from 6% debentures of a ₹ 100 each. S Ltd. has raised its whole capital from equity shares of ₹ 10 each.

Comment upon the policy of trading on equity followed by R Ltd. if earnings before interest and tax is ₹ 50,000 each in both the companies. Tax rate may be assumed to be 5%.

इकाई—5

(UNIT—5)

5. रोकड़ प्रबन्ध के अर्थ की स्पष्ट व्याख्या कीजिए। रोकड़ प्रबंध के विभिन्न चरणों को सविस्तार समझाइए।

Explain clearly the meaning of 'Cash Management'. Explain in detail the various steps of cash management.

अथवा

*(Or)*

एक कंपनी की पूँजी संरचना में निम्नलिखित शामिल है :

| | |
|---|---|
| 10% पूर्वाधिकार अंश (₹ 10 प्रति अंश) | ₹ 1,00,000 |
| समता अंश पूँजी (₹ 10 प्रति अंश) | ₹ 1,00,000 |



परिचालन लाभ ₹ 60,000 है और कंपनी 50% की कर सीमा में है। वित्तीय प्रभावशीलता की गणना कीजिए। यदि परिचालन लाभ बढ़कर ₹ 90,000 हो जाए, तो नई वित्तीय प्रभावशीलता क्या होगी ?

The capital structure of a company consists of the following :

| | |
|---|---|
| 10% preference shares of ₹ 10 each | ₹ 1,00,000 |
| Equity share capital (₹ 10 each) | ₹ 1,00,000 |

The operating profit is ₹ 60,000. The company is in 50% tax bracket. Calculate financial leverage. What would be new financial leverage if operating profit increases to ₹ 90,000 ?